# SSC कांस्टेबल (जीडी) भर्ती परीक्षा

# प्रैक्टिस सेट 1

## निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न है तथा परीक्षा की अवधि 90 मिनट है।
2. इस परीक्षा-पुस्तिका में चार भाग हैं भाग क : सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति (1-25), भाग ख : सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी (26-50), भाग ग : प्रारम्भिक अंकगणित (51-75), भाग घ : सामान्य हिन्दी (76-100)।

---

## भाग क : सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

**1.** किसी कूट भाषा में MONKEY को XDJMNL लिखते हैं, तो TIGER को लिखा जाएगा
(a) QDFHS (b) SDFHS
(c) SHFDQ (d) UJHFS

**2.** यदि '+' का अर्थ घिटाना, '−' का अर्थ गुणा, '÷' का अर्थ जोड़ना है तथा '×' का अर्थ भाग है, तो निम्नलिखित का अर्थ क्या होगा?

$$20 \times 10 \div 6 - 4 + 6$$

(a) 24 (b) 20
(c) 22 (d) 40

**3.** एक खास पद्धति के आधार पर कुछ समीकरण हल किए गए हैं। उसी आधार पर अनुत्तरित समीकरण का सही उत्तर ज्ञात कीजिए।
यदि $13 \times 12 = 651$ और $41 \times 23 = 448$ हो, तो $24 \times 22 = ?$
(a) 504 (b) 462 (c) 528 (d) 924

**निर्देश** (प्र.सं. 4-5) *नीचे प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अनुक्रम दिया गया है जिसमें एक पद लुप्त है। चार दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।*

**4.** D H L P T X ?
(a) W (b) Z (c) Y (d) B

**5.** 4 8 14 22 ?
(a) 36 (b) 24
(c) 34 (d) 32


**निर्देश** (प्र.सं. 6-8) *दिए गए विकल्पों में से उसे चुनिए, जो अन्य तीन से भिन्न है*

**6.** (a) 12-96 (b) 13-117
(c) 15-120 (d) 16-128


**7.** (a) YWUS (b) ZXYV
(c) GECA (d) BZXV

**8.** (a) नेप्च्युन (b) यूरेनस
(c) प्लूटो (d) मरकरी

**9.** पेन्सिल, रबर एवं स्टेशनरी के सम्बन्ध को किस आरेख द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है?




**10.** प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?




(a) 41 (b) 14 (c) 24 (d) 34

**निर्देश** (प्र.सं. 11-14) *प्रत्येक प्रश्न में सम्बन्धित अक्षरों/संख्याओं/चित्रों को दिए गए विकल्पों से चुनिए।*

**11.** AZBY : DWEV :: HSIR : ?
(a) JQKO (b) KPOL
(c) KPLO (d) KOLP


**12.** 35 : 69 : 52 : ?
(a) 50 (b) 52
(c) 54 (d) 56

**13.** वयस्क : बच्चा : : पुष्प : ?
(a) बीज (b) कली
(c) फल (d) तना


**14.** जहाज : लंगर : : ?
(a) टोपी : पगड़ी
(b) कार : ब्रेक
(c) बोतल : कॉर्क
(d) माल : गोदाम

**15.** निम्न कागज के टुकड़े को खोलने के बाद कैसा दिखेगा?

**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

**16.** दिए गए वैकल्पिक शब्दों से, ऐसे शब्द का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके न बनाया जा सके
CLASSIFICATION
(a) FICTION (b) ACTION
(c) NATION (d) LIASION

**17.** इस प्रश्न में दिया गया कौन-सा विकल्प निम्नलिखित का सार्थक क्रम होगा?
1. समुद्र 2. छोटी नदी
3. महासागर 4. नदी
5. हिमनदी
(a) 5, 4, 3, 2, 1 (b) 5, 4, 2, 3, 1
(c) 5, 2, 4, 1, 3 (d) 5, 2, 1, 3, 4


**18.** पाँच लड़के A, B, C, D तथा E एक पंक्ति में हैं। A, B के दाईं ओर है और E, B के बाईं ओर, लेकिन C के दाईं ओर है और A, D के बाईं ओर है। यह बताइए कि बाईं ओर से दूसरा लड़का कौन है?
(a) D (b) A
(c) E (d) B

**19.** 1250 सन्तरों को एक कक्षा की लड़कियों के समूह में बाँटा जाता है। प्रत्येक लड़की को उस समूह में लड़कियों की संख्या के दोगुने सन्तरे प्राप्त होते हैं। लड़कियों की संख्या है
(a) 25 (b) 45 (c) 50 (d) 100


**20.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन तथा दो निष्कर्ष (I व II) दिए गए हैं। आपको इन दोनों कथनों को सत्य मानना है, वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। दोनों निष्कर्ष को पढ़िए और तय कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है?
**कथन** सभी ड्रम बाँसुरी हैं।
सभी गिटार ड्रम हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी गिटार बाँसुरी हैं।
II. सभी ड्रम गिटार हैं।
(a) दोनों निष्कर्ष सत्य हैं
(b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) न तो निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष II सत्य है।

**21.** कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(a) (b) (c) (d)

**22.** वह आकृति चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति छुपी हुई है।

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(a) (b) (c) (d)

**23.** प्रश्न आकृति का प्रयोग करके कौन-सी उत्तर आकृति बनाई जा सकती है?

**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

**24.** एक शब्द केवल एक संख्या-समूह द्वारा दर्शाया गया है, जैसा कि विकल्पों में से किसी एक में दिया गया है। विकल्पों में दिए गए संख्या-समूह अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसा कि नीचे दिए दो आव्यूहों में है। आव्यूह I के स्तम्भ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 में दी गई है और आव्यूह II की 5 से 9 तक। इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, E को 00, 13, 22 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा S को 55, 76, 87 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपका शब्द CART के लिए समूह को पहचानना है।

**आव्यूह I**


| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | E | A | R | W | P |
| 1 | W | P | A | E | R |
| 2 | A | W | P | R | E |
| 3 | P | R | E | A | W |
| 4 | R | E | W | P | A |


**आव्यूह II**

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | S | B | K | T | C |
| 6 | B | C | T | K | S |
| 7 | T | S | C | B | K |
| 8 | K | T | S | C | B |
| 9 | C | K | B | S | T |

(a) 65, 33, 40, 86
(b) 66, 12, 40, 58
(c) 88, 44, 31, 89
(d) 59, 20, 32, 89

**25.** कौन-सी उत्तर आकृति दी गई प्रश्न आकृति की सही दर्पण प्रतिबिम्ब है?



(a) (b) (c) (d)

# भाग ख : सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी

**26.** भूगोल में 'गल्फ स्ट्रीम' क्या है?
(a) एक उष्ण महासागरीय धारा
(b) प्रबल वायु धाराएँ
(c) ठण्डी जलधारा
(d) धुंल भरी आँधी

**27.** कुत्ते के काटने के इलाज के लिए टीके की खोज किसने की?
(a) जेनर (b) रॉबर्ट कोच
(c) विलियम हार्वे (d) लुई पाश्चर

**28.** चारमीनार कहाँ स्थित है?
(a) हैदराबाद (b) मैसूर
(c) औरंगाबाद (d) कोलकाता

**29.** राष्ट्रीय विकास परिषद् की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(a) 1948 (b) 1954 (c) 1942 (d) 1952

**30.** विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल है
(a) सहारा मरुस्थल
(b) अरब मरुस्थल
(c) ऑस्ट्रेलिया मरुस्थल
(d) गोबी मरुस्थल

**31.** अवधि भाषा में लिखित रामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास किसके समकालीन थे?
(a) हुमायूँ (b) अकबर
(c) शाहजहाँ (d) दारा शिकोह

**32.** शेरशाह सूरी ने किला-ए-कुहना मस्जिद का निर्माण कहाँ करवाया था?
(a) सहसाराम (b) मुंगेर
(c) दिल्ली (d) पाटलिपुत्र

**33.** अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएण्टल कॉलेज की स्थापना किसने की थी?
(a) मोहम्मद अली जिन्ना
(b) मोहम्मद अली
(c) शौकत अली
(d) सर सैयद अहमद खाँ

**34.** निम्न में से किसे सीमान्त गाँधी कहा जाता है?
(a) शेख अब्दुल्ला
(b) खान अब्दुल गफ्फार खाँ
(c) जय प्रकाश नारायण
(d) विनोबा भावे

**35.** 'वन्दे मातरम्' गीत के लेखक कौन थे?
(a) बंकिमचन्द्र चटर्जी (b) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(c) जयशंकर प्रसाद (d) प्रेमचन्द

**36.** किसी कम्प्यूटर में जोड़ने, तुलना करने और मिलाने के कार्य कहाँ होते हैं?
(a) स्मृति चिप (b) सीपीयू चिप
(c) फ्लॉपी डिस्क (d) हार्ड डिस्क

**37.** भोपाल गैस त्रासदी के लिए उत्तरदायी प्रमुख प्रदूषक कौन-सा था?
(a) मिथाइल आइसोसायनेट
(b) ब्रोमीन
(c) क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(d) क्लोरीन

**38.** अपने प्राकृतिक परिवेश में वन्य जीवन के लिए कानूनी तौर पर आरक्षित क्षेत्र हैं
(a) बायोस्फियर रिजर्व (b) सेक्चुअरी
(c) सामाजिक वन (d) नेशनल पार्क

**39.** विश्व की पहली महिला प्रधानमन्त्री किस देश की थीं?
(a) भारत (b) श्रीलंका
(c) पाकिस्तान (d) नेपाल

**40.** पास्कल निम्नलिखित में से किसकी इकाई है?
(a) आर्द्रता की (b) दाब की
(c) वर्षा की (d) तापमान की

**41.** कृषि क्षेत्र में सोपान कृषि को किन क्षेत्रों में अपनाया जाता है?
(a) पहाड़ों के ढलान पर
(b) शुष्क क्षेत्रों में
(c) छतों पर
(d) पहाड़ों की चोटी पर

**42.** सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता से सीधे जज बनने वाली प्रथम महिला कौन है?
(a) इन्दु मल्होत्रा (b) सविता सिंह
(c) एम सत्यवती (d) देव्यानी घोष

**43.** रोहिणी (गलघोंटू) और इंफ्लूएंजा के होने का क्या कारण है?
(a) क्रमशः विषाणु और जीवाणु
(b) क्रमशः जीवाणु और विषाणु
(c) जीवाणु
(d) जल-प्रदूषण

**44.** राष्ट्रीय आय क्या होती है?
(a) बाजार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद
(b) उपादान लागत (फैक्टरी कॉस्ट) पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद
(c) बाजार कीमत पर निवल घरेलू उत्पाद
(d) उपादान लागत पर निवल घरेलू उत्पाद

**45.** इस समय भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी विनिमय दर अपनाई जाती है?
(a) नियत विनिमय दर
(b) अस्थिर (फ्लोटिंग) विनिमय दर
(c) उच्चाधिकीलित विनिमय दर
(d) निम्न अधिकीलित विनिमय दर

**46.** वह धातु कौन-सी है, जो विटामिन $B_{12}$ की एक घटक है?
(a) आयरन
(b) मैग्नीशियम
(c) जिंक
(d) कोबाल्ट

**47.** लैक्टोज किसमें पाया जाता है?
(a) गाजर में (b) अंगूर में
(c) दूध में (d) सिरका

**48.** भारत में राज्य विधानपरिषदों के सदस्यों का कितना हिस्सा, स्थानीय निकायों द्वारा चुने जाते हैं?
(a) एक-तिहाई
(b) एक चौथाई
(c) एक-छठा भाग
(d) एक-बारहवाँ भाग


**49.** राज्य सरकार के सम्बन्ध में स्थानीय सरकार किसका प्रयोग करती है?
(a) स्वतन्त्र अधिकारी
(b) समकक्ष प्राधिकार
(c) प्रत्यायोजित प्राधिकार
(d) उच्च प्राधिकार

**50.** भारत में वीरता के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है
(a) भारत रत्न
(b) महावीर चक्र
(c) परमवीर चक्र
(d) अर्जुन पुरस्कार

# भाग ग : प्रारम्भिक अंकगणित

**निर्देश** (प्र.सं. 51-53) *निम्नलिखित दण्ड आरेख का ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीज़िए।*

**विगत वर्षों में दो विश्वविद्यालयों से पास हुए विद्यार्थियों की संख्या** (हजार में)




**51.** वर्ष 2003, 2005 और 2006 में मिलाकर विश्वविद्यालय *B* से पास हुए विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 80000 (b) 8000
(c) 800000 (d) 75000

**52.** वर्ष 2007 में विश्वविद्यालय *A* से पास हुए विद्यार्थियों की संख्या वर्ष 2004 में विश्वविद्यालय *B* से पास हुए विद्यार्थियों की संख्या के बीच का क्रमशः अनुपात क्या है?
(a) 5 : 4 (b) 4 : 5
(c) 7 : 10 (d) 10 : 7

**53.** एक धनराशि साधारण ब्याज की दर से 3 वर्षों में ₹ 815 हो जाती है तथा 4 वर्षों में ₹ 854 हो जाती है, तो वह धनराशि है
(a) ₹` 650 (b) ₹ 698
(c) ₹ 690 (d) ₹ 700

**54.** एक विद्यार्थी ने किसी संख्या को $\frac{5}{3}$ से गुणा करने के स्थान पर इसे $\frac{3}{5}$ से गुणा कर दिया। परिकलन में त्रुटि (प्रतिशत) कितनी है?
(a) 44% (b) 34% (c) 54% (d) 64%

**55.** *C* की आय, *B* की आय से 20% अधिक है और *B* की आय, *A* की आय से 25% अधिक है। *C* की आय, *A* की आय से कितने प्रतिशत अधिक है?
(a) 150% (b) 50% (c) 25% (d) 35%

**56.** किसी सम्पत्ति की कीमत प्रतिवर्ष, उसकी प्रारम्भिक वर्ष की तुलना में 10% कम हो जाती है। सम्पत्ति की वर्तमान कीमत ₹ 8100 है, दो वर्ष पहले उसकी कीमत कितनी थी?
(a) ₹ 10000 (b) ₹ $\left(\frac{90}{100}\right)^2 \times 8100$
(c) ₹ $\left(\frac{100}{110}\right)^2 \times 8100$
(d) ₹ 9801

**57.** कोई दुकानदार ₹ 200 क्रय मूल्य वाली वस्तु का कितना मूल्य अंकित करे। ताकि एक 25% का बट्टा देने के उपरान्त उसे 35% का लाभ प्राप्त हो?
(a) ₹ 270 (b) ₹ 300
(c) ₹ 330 (d) ₹ 360

**58.** धातु की एक चादर उस समचतुर्भुज के आकार की है जिसके विकर्ण 18 मी और 20 मी हैं। ₹ 3 प्रति वर्ग मी की दर से चादर के दोनों पृष्ठों पर पेन्ट कराने का खर्च कितना होगा?
(a) ₹ 1000 (b) ₹ 108
(c) ₹ 10.80 (d) ₹ 1080

**59.** ₹ 510 में 30 सन्तरे और 75 सेब खरीदे गए। यदि सेब का दाम ₹ 2 प्रति सेब था, तो सन्तरे का औसत दाम था।
(a) ₹ 12 (b) ₹ 14 (c) ₹ 10 (d) ₹ 15

**60.** एक टी.वी. 20% मुनाफे से ₹ 1200 में बेचा जाता है। यदि उसे ₹ 900 में बेचा जाए, तो वास्तविक मुनाफा या घाटा कितना होगा?
(a) ₹ 100 का घाटा (b) ₹ 100 का लाभ
(c) ₹ 90 का घाटा (d) ₹ 90 का लाभ

**61.** $\frac{\sqrt[3]{8}}{\sqrt{16}} \div \sqrt{\frac{100}{49}} \times \sqrt[3]{125}$ बराबर है
(a) 7 (b) $1\frac{3}{4}$ (c) $\frac{7}{100}$ (d) $\frac{4}{7}$

**62.** एक व्यापारी ने एक दर्जन साइकिलें ₹ 8880 में खरीदीं और प्रति साइकिल ₹ 888 में बेचीं। उसके लाभ का प्रतिशत कितना है?
(a) 18% (b) 20% (c) 22% (d) 25%

**63.** $\frac{3.7 \times 3.7 \times 3.7 + 1.3 \times 1.3 \times 1.3}{(3.7 \times 3.7 - 4.81 + 1.3 \times 1.3)}$ का मान है
(a) 4 (b) 5 (c) 7 (d) 0

**64.** दीपा ने एक कारोबार ₹ 60000 की पूँजी से आरम्भ किया। तीन महीने बाद रोजी ₹ 100000 की पूँजी लगाकर दीपा की भागीदार बन गई। अगले तीन महीने बाद ज्योति भी ₹ 120000 की पूँजी लगाकर उनके व्यापार में भागीदार बनी। वर्ष के अन्त में यदि ₹ 78000 का लाभ हुआ हो, तो ज्योति और रोजी के लाभों में कितना अन्तर होगा?
(a) ₹ 6000 (b) ₹ 3650
(c) ₹ 4000 (d) ₹ 4100

**65.** एक लड़का अपने घर से स्कूल तक 3 किमी/घण्टा की गति से और लौटते समय 2 किमी/घण्टा की गति से आता है। यदि वह आने-जाने के लिए 5 घण्टे का समय लेता है तो उसके घर और स्कूल के बीच दूरी है
(a) 6 किमी (b) 5 किमी
(c) 5.5 किमी (d) 6.5 किमी

**66.** एक दुकानदार किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 20% व 10% की दो क्रमिक छूट देता है। यदि उस वस्तु पर उसे ₹ 108 प्राप्त होते है, तो उसका अंकित मूल्य कितना है?
(a) ₹ 160 (b) ₹ 150
(c) ₹ 142.56 (d) ₹ 140.40

**67.** $(49)^{15} - 1$ किस संख्या से पूर्णतः विभाजित है?
(a) 50 (b) 51 (c) 29 (d) 8

**68.** 36 सन्तरों को बेचकर एक विक्रेता को 4 सन्तरों के विक्रय मूल्य का नुकसान होता है। उसके नुकसान का प्रतिशत है
(a) $12\frac{1}{2}$ (b) $11\frac{1}{9}$
(c) 10 (d) इनमें से कोई नहीं

**69.** दो संख्याओं का ल.स. 225 है तथा उनका म.स. 5 है। यदि एक संख्या 25 हो, तो दूसरी संख्या होगी
(a) 5 (b) 25 (c) 45 (d) 225

**70.** 1 : 2 : 3: 4 के अनुपात में चार संख्याएँ हैं तथा उन संख्याओं का योग 16 है। पहली तथा चौथी संख्याओं का योग बराबर है
(a) 5 (b) 8 (c) 10 (d) 80

**71.** यदि किसी संख्या का तिगुना इस संख्या के $\frac{3}{5}$ से 60 अधिक हो, तो वह संख्या है
(a) 25 (b) 35 (c) 45 (d) 60

**72.** *A* और *B* की आयु का अनुपात 5 : 7 है, यदि उनकी वर्तमान आयु का योग 48 वर्ष हो, तो उनकी आयु का अन्तर क्या है?
(a) 6 वर्ष (b) 7 वर्ष
(c) 8 वर्ष (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**73.** 5 से विभाज्य तीन लगातार प्राकृत संख्याओं का जोड़ 60 है, तो बड़ी संख्या है
(a) 60 (b) 20 (c) 10 (d) 25

**74.** *A* एक काम 15 दिन में, *B* उसी काम को 10 दिन में करता है, तो दोनों मिलकर काम कितने दिन में करेंगे?
(a) 6 (b) 5 (c) 4 (d) 3

**75.** यदि किसी वर्ग की भुजा चौगुनी कर दी जाए, तो परिणामी वर्ग तथा दिए हुए वर्ग के क्षेत्रफलों का अनुपात होगा
(a) 4 : 1 (b) 8 : 1
(c) 16 : 1 (d) इनमें से कोई नहीं

# भाग घ : सामान्य हिन्दी

**निर्देश** (प्र. सं. 76-78) *दिए गए प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए। इसके लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प का चुनाव कीजिए।*

**76.** जो स्त्री सूर्य भी नहीं देख पाती
(a) अनिस्तीर्ण (b) अपरिणीत
(c) असूर्यपश्या (d) अनेर

**77.** यात्रियों का समूह
(a) कतार (b) कारवाँ
(c) झुण्ड (d) गिरोह

**78.** जो कहा न जा सके
(a) शान्त (b) चुपचाप
(c) अकथित (d) अकथनीय

**निर्देश** (प्र. सं. 79-81) *दिए गए शब्दों का उपयुक्त विलोम बताने के लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**79.** अघत
(a) अवलम्ब (b) द्यत
(c) अनृत (d) अनुद्यत

**80.** 'अतुल्य'
(a) अनुपम (b) समरूप
(c) सुन्दर (d) तुल्य

**81.** 'अनुकूल'
(a) प्रतिकूल (b) अपकूल
(c) अनुकूलन (d) सानुकूल

**निर्देश** (प्र. सं. 82-84) *दिए गए वाक्यों में से कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ सही हैं। वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हैं, उसका उत्तर के रूप में चयन करें। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो कोई त्रुटि नहीं वाले विकल्प का चयन कीजिए।*

**82.** उसके पास जो पुस्तक है यह हमारी है
(a) उसके पास (b) जो पुस्तक है
(c) यह हमारी है (d) कोई त्रुटि नहीं

**83.** तुम चार बजे तक मेरी प्रतीक्षा देखना
(a) तुम (b) चार बजे तक
(c) मेरी प्रतीक्षा देखना (d) कोई त्रुटि नहीं

**84.** ये सभी फूल उसको दे दो
(a) ये सभी (b) फूल
(c) उसको दे दे (d) कोई त्रुटि नहीं

**निर्देश** (प्र. सं. 85-87) *दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**85.** ऐसा व्यक्ति, जिसके आने का दिन, दिनांक और समय पहले से निश्चित नहीं होता, ....... कहलाता है।
(a) असामयिक
(b) अभ्यागत
(c) गणमान्य
(d) अतिथि

**86.** स्वतन्त्रता के उपरान्त हमने ज्ञान और विज्ञान के ........ में प्रगति की है।
(a) पक्ष (b) स्रोत
(c) क्षेत्र (d) रूप

**87.** खजुराहो मन्दिर वास्तुकला की नागर शैली के .... उदाहरण है।
(a) जीवन्त (b) उत्कृष्ट
(c) श्रेष्ठ (d) अनुपम

**निर्देश** (प्र. सं. 88-92) *दिए गए अनुच्छेद में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

महँगाई की समस्या का ......(88)... करने के लिए यह आवश्यक है कि जनसंख्या वृद्धि पर तुरन्त रोक लगाई जाए ......(89)... को बढ़ाने के लिए भरसक ......(90)... किए जाएँ, सरकारी योजनाओं को ढंग से चलाने के लिए ......(91)... दिया जाए, करों की वृद्धि को रोका जाए, भ्रष्टाचार का पूर्णतया ......(92)... किया जाए, तभी जनता इस महँगाई से मुक्त हो सकती है।

**88.** (a) समाधान (b) संधान
(c) लोप (d) शोध

**89.** (a) निर्माण (b) उत्पादन
(c) सृजन (d) निष्पादन

**90.** (a) परिवर्तन (b) सायाम
(c) उद्यम (d) प्रयत्न

**91.** (a) प्रोत्साहन (b) उत्साह
(c) साहस (d) प्रेरणा

**92.** (a) सम्मेलन (b) विस्थापन
(c) उन्मूलन (d) भेदन

**निर्देश** (प्र.सं. 93-95) *दिए गए चार वाक्यों में एक वाक्य शुद्ध है और तीन अशुद्ध हैं। शुद्ध वाक्य को चुनिए।*

**93.** (a) वह एक विद्वान् महिला थी
(b) वह एक महिला विद्वान् थी
(c) वह एक विदुषी महिला थी
(d) एक विदुषी महिला थी वह

**94.** (a) एक गीतों की पुस्तक ला दीजिए।
(b) एक गीत की पुस्तक ला दीजिए।
(c) गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए।
(d) गीतों की एक पुस्तकें ला दीजिए।

**95.** (a) कृपया एक गिलास पानी दीजिए।
(b) कृपया पानी एक गिलास दीजिए।
(c) कृपया एक गिलास का पानी दीजिए।
(d) कृपया एक पानी का गिलास दीजिए।

**निर्देश** (96 और 97) *दिए गए मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ बताने के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**96.** 'एक आँख से सबको देखना' मुहावरे का अर्थ है
(a) आँख मारना
(b) निशाना लगाना
(c) काना व्यक्ति
(d) सबसे समान व्यवहार करना

**97.** रोटी के बदले रोटी, का छोटी का मोटी
(a) रोटी-रोटी सब एक-सी होती हैं
(b) रोटी-रोटी में कोई भेद नहीं
(c) सभी लगभग एक से होना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र. सं. 98 और 100) *दिए गए शब्दों के पर्याय (समानार्थक शब्द) के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**98.** प्रसून
(a) रोशनी (b) पुष्प (c) कंज (d) ओस

**99.** करटक
(a) कौआ (b) चावल (c) जड़ (d) खर


**100.** 'सूर्य'
(a) रत्नाकर (b) भाषा
(c) दिनकर (d) उरस

## उत्तरमाला


| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (a) | 2 | (b) | 3 | (d) | 4 | (d) | 5 | (d) | 6 | (b) | 7 | (b) | 8 | (c) | 9 | (c) | 10 | (b) |
| 11 | (c) | 12 | (c) | 13 | (b) | 14 | (b) | 15 | (a) | 16 | (c) | 17 | (c) | 18 | (c) | 19 | (a) | 20 | (b) |
| 21 | (b) | 22 | (b) | 23 | (d) | 24 | (b) | 25 | (b) | 26 | (a) | 27 | (d) | 28 | (a) | 29 | (d) | 30 | (a) |
| 31 | (b) | 32 | (c) | 33 | (d) | 34 | (b) | 35 | (a) | 36 | (b) | 37 | (a) | 38 | (d) | 39 | (b) | 40 | (b) |
| 41 | (a) | 42 | (a) | 43 | (c) | 44 | (a) | 45 | (b) | 46 | (d) | 47 | (c) | 48 | (a) | 49 | (c) | 50 | (c) |
| 51 | (a) | 52 | (d) | 53 | (b) | 54 | (d) | 55 | (b) | 56 | (a) | 57 | (d) | 58 | (d) | 59 | (a) | 60 | (a) |
| 61 | (b) | 62 | (b) | 63 | (b) | 64 | (a) | 65 | (a) | 66 | (b) | 67 | (d) | 68 | (a) | 69 | (c) | 70 | (b) |
| 71 | (a) | 72 | (c) | 73 | (d) | 74 | (a) | 75 | (c) | 76 | (c) | 77 | (b) | 78 | (d) | 79 | (d) | 80 | (d) |
| 81 | (a) | 82 | (c) | 83 | (c) | 84 | (c) | 85 | (d) | 86 | (c) | 87 | (a) | 88 | (a) | 89 | (b) | 90 | (d) |
| 91 | (a) | 92 | (c) | 93 | (c) | 94 | (c) | 95 | (a) | 96 | (d) | 97 | (c) | 98 | (b) | 99 | (a) | 100 | (c) |

# संकेत एवं हल

**1.** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**2.** चिह्न परिवर्तन के बाद

$20 \div 10 + 6 \times 4 - 6$


$= 2 + 24 - 6 = 20$

**3.** जिस प्रकार, $13 \times 12 \Rightarrow 31 \times 21 = 651$


तथा $41 \times 23 \Rightarrow 14 \times 32 = 448$

उसी प्रकार, $24 \times 22 \Rightarrow 42 \times 22 = \boxed{924}$

**4.** शृंखला का क्रम निम्नवत् है




**5.** शृंखला का क्रम निम्नवत् हैं




**6.** (a) $12 \times 8 = 96$

(b) $13 \times 9 = \boxed{117}$

(c) $15 \times 8 = 120$

(d) $16 \times 8 = 128$

विकल्प (a), (c) और (d) में बाईं संख्या को 8 से गुणा करने पर दाईं संख्या प्राप्त होती है, जबकि विकल्प (b) में बाईं संख्या को 9 से गुणा करना पड़ता है अतः विकल्प (b) बाकी तीनों से भिन्न है।

**7.** सभी में $-2 -2 -2$ हो रहा है, जबकि विकल्प (b) में $-2 + 1 - 3$ है।

अतः विकल्प (b) उत्तर हुआ।

**8.** प्लूटो को छोड़कर अन्य सभी ग्रह हैं।

**9.**





अतः विकल्प (c) सही है।

**10.** जिस प्रकार, $4 \times 3 = 12, 5 \times 3 = 15,$


$5 \times 6 = 30, 4 \times 6 = 24,$

उसी प्रकार, $7 \times 2 = (14)$

**11.** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**12.** जिस प्रकार, $35 \Rightarrow 3 + 5 = 8$

$(8)^2 \Rightarrow 64 + 5 = 69$

उसी प्रकार, $52 \Rightarrow 5 + 2 = 7$

$(7)^2 \Rightarrow 49 + 5 = \boxed{54}$

**13.** जिस प्रकार, बच्चा बाद में वयस्क बनता है, उसी प्रकार, कली बाद में पुष्प बनती है।

**14.** जिस प्रकार, जहाज को रोकने के लिए लंगर का प्रयोग किया जाता है, उसी प्रकार, कार को रोकने के लिए ब्रेक का प्रयोग किया जाता है।


**15.** (a) विकल्प (a) सही उत्तर है।

**16.** प्रश्नानुसार, 'NATION' में अक्षर 'N' का दो बार प्रयोग हुआ है, जबकि मूल शब्द 'CLASSIFICATION' में अक्षर 'N' का एक बार प्रयोग हुआ है। अतः 'NATION' प्रदत्त शब्द से नहीं बनाया जा सकता है।

**17.** दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम है

हिमनदी → छोटी नदी → नदी → समुद्र → महासागर
(5) (2) (4) (1) (3)

**18.** प्रश्नानुसार, लड़कों के बैठने का क्रम निम्नवत है




अतः बाएँ से दूसरे स्थान पर E बैठा है।

**19.** माना लड़कियों की संख्या = $x$


प्रश्नानुसार, $x \times 2x = 1250$

$\Rightarrow 2x^2 = 1250$

$\Rightarrow x^2 = \frac{1250}{2} = 625$

$\Rightarrow x = \sqrt{625} = 25$

**20.** कथनानुसार,




अतः केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**21.** विकल्प आकृति (b) प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी।

**22.** विकल्प आकृति (b) में प्रश्न आकृति छुपी हुई है।

**23.** प्रश्न आकृति का प्रयोग करके उत्तर आकृति (d) बनाई जा सकती है।

**24.** आव्यूहों के अनुसार, C, A, R, T अक्षरों के सम्भावित मान

C ⇒ 59, (66), 77, 88, 95

A ⇒ 01, (12), 20, 33, 44

R ⇒ 02, 14, 23, 31, (40)

T ⇒ (58), 67, 75, 86, 99

∴ CART ⇒ 66, 12, 40, 58

**25.** विकल्प आकृति (b) दी गई आकृति की सही दर्पण प्रतिबिम्ब है।

**26.** गल्फ स्ट्रीम एक उष्ण महासागरीय धारा है, जो 20° उत्तरी अक्षांश के पास मैक्सिको की खाड़ी से उत्पन्न होकर उत्तर पूर्व दिशा की ओर 70° उत्तर अक्षांश तक पश्चिमी यूरोप के पश्चिमी तट तक प्रवाहित होती है।

**27.** लुई पाश्चर ने वैक्सीन का आविष्कार किया था। रेबीज से बचने के लिए जानवरों के काटने पर बैक्सीन लेना आवश्यक है। लुई पाश्चर के जन्मदिन 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**28.** चारमीनार का निर्माण 1591 ई. में हैदराबाद में हुआ था। चारमीनार का निर्माण मुर्सा नदी के तट पर किया गया है। इसके बाईं ओर लाड बाजार तथा दक्षिण ओर मक्का मस्जिद है।

**29.** राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन 6 अगस्त, 1952 को किया गया था। भारत का प्रधानमन्त्री इसका अध्यक्ष तथा योजना अयोग का सचिव इसका सचिव होता है।

**30.** सहारा मरुस्थल विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल है। क्षेत्रफल में यह यूरोप के लगभग बराबर एवं भारत के क्षेत्रफल के दुगने से अधिक है। माली, मोरक्को, मुरितानिया, अल्जीरिया ट्यूनीशिया, लीबिया, नाइजर, सूडान एवं मिस्र देश में इसका विस्तार है।

**31.** रामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास का जन्म उत्तरप्रदेश के बांदा में 1554 ई. में हुआ था। वे मुगलबादशाह अकबर के समकालीन थे।

**32.** किला-ए-कुहना का निर्माण शेरशाह सूरी ने दिल्ली में करवाया था। इसका मकबरा सासाराम में झील के बीच ऊँचे टीले पर स्थित है। इसने ग्रेण्ड ट्रंक रोड का भी निर्माण करवाया था।

**33.** 1875 ई. में सर सैयद अहमद खाँ द्वारा अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएण्टल कॉलेज की स्थापना की गई थी, इन्होंने साइण्टिफिक सोसायटी की स्थापना भी की थी।

**34.** खान अब्दुल गफ्फार खाँ को सीमान्त गाँधी के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने वर्ष 1920 में खुदाई खिदमतगार नाम के संगठन की स्थापना की थी। यह संगठन 'लालकुर्ती' के नाम से भी प्रसिद्ध था।

**35.** 'वन्दे मातरम्' गीत के लेखक बंकिमचन्द्र चटर्जी थे। इस गीत का प्रथम उल्लेख उनके बांग्ला उपन्यास आनन्दमठ में मिलता है। यह एक राजनीतिक उपन्यास है। इसी में संयासी विद्रोह का वर्णन भी मिलता है।

**36.** सीपीयू कम्प्यूटर का मस्तिष्क होता है। यह अर्थमैटिक व लॉजिकल यूनिट, कण्ट्रोल यूनिट व मैमोरी यूनिट से मिलकर बना होता है। यह सभी गणितीय और तार्किक गणनाओं के लिए उत्तरदायी होता है।

**37.** भोपाल गैस त्रासदी 3 दिसम्बर, 1984 को हुई थी। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड नामक कम्पनी से एक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसायनेट का रिसाव हुआ था।

**38.** नेशनल पार्क में मानव गतिविधि पूर्ण प्रतिबन्धित होती हैं, जबकि सेक्चुअरी में कुछ सीमित प्रतिबन्धों के साथ यह मानव के लिए खुली होती है। अपने प्राकृतिक परिवेश में कानूनी तौर पर वन्यजीवों के लिए आरक्षित क्षेत्र राष्ट्रीय उद्यान अथवा नेशनल पार्क कहलाता है।

**39.** सिरिमाओ भण्डारनायके वर्ष 1960 में श्रीलंका की पहली महिला प्रधानमन्त्री बनी थीं।

**40.** पास्कल दाब की इकाई होती है। किसी सतह के इकाई क्षेत्रफल पर लगने वाले अभिलम्ब बल को दाब कहते है।

**41.** पहाड़ों के ढलानों पर मृदा अपरदन को रोकने हेतु सीढ़ी अथवा सोपानी कृषि की जाती है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और पूर्वोत्तर भागों यह प्रचलित है।

**42.** वरिष्ठ वकील इन्दु मल्होत्रा द्वारा 27 अप्रैल, 2018 को सर्वोच्च न्यायालय के जज के तौर पर शपथ ली गई। वे अधिवक्ता से सीधे जज बनने वाली पहली महिला वकील हैं।

**43.** रोहिणी जीवाणु द्वारा होता है। यह एक गले की बीमारी है, जबकि इंफ्लूएंजा एक वायरस जनित रोग है।

**44.** जब शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद का मूल्यांकन अथवा माप साधन लागत पर किया जाता है, तो उसे ही राष्ट्रीय आय के नाम से जाना जाता है।

इसे ज्ञात करने के लिए बाजार मूल्य पर आकलित शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में से अप्रत्यक्ष करों को घटाया व सब्सिडी को जोड़ना पड़ता है।

**45.** वर्तमान में भारत ने लचीली विनिमय दर प्रणाली (Flexible Exchange Rate System) को अपनाया हुआ है। इसे तैरती विनिमय दर प्रणाली (Floating Exchange Rate System) भी कहा जाता है। इस प्रणाली में मुद्रा का मूल्य बाजार (माँग एवं आपूर्ति) पर निर्भर करता है तथा निर्धारित होता है।

**46.** सायनोकोवालएमीन (विटामिन $B_{12}$) की सक्रियता के लिए कोबाल्ट आयन की आवश्यकता होती है। इसके प्रमुख स्रोत जिगर, मछली, अण्डा एवं मांस होते हैं।

**47.** लैक्टोज दूध में पाया जाता है, जबकि फलों में फ्रक्टोज शर्करा होती है। सिरका में एसिटिक एसिड होता है। गाजर में विटामिन A बहुतायत मात्रा होता है।

**48.** भारत में राज्य विधानपरिषदों के सदस्यों का एक-तिहाई भाग स्थानीय निकायों के द्वारा चुना जाता है।

**49.** राज्य सरकार के सम्बन्ध में स्थानीय सरकार प्रत्यायोजित प्राधिकार का प्रयोग करती है।

**50.** परमवीर चक्र भारत में वीरता के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च सैनिक सम्मान है। भारत रत्न सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

**51.** अभीष्ट संख्या = (30 + 10 + 40) हजार

= 80000

**52.** अभीष्ट अनुपात = 50 : 35 = 10 : 7

**53.** एक वर्ष का ब्याज = 854 − 815 = ₹ 39

∴ धनराशि = 815 − 3 × 39 = ₹ 698

**54.** माना संख्या $x$ है।

$$\text{त्रुटि} = \frac{5x}{3} - \frac{3x}{5} = \frac{16x}{15}$$

$$\therefore \quad \text{त्रुटि}\ \% = \frac{16x}{15} \times \frac{100 \times 3}{5x} = 64\%$$

**55.** माना $A$ की आय ₹ 100 है।

∴ $B$ की आय = 100 + 25 = ₹ 125

तथा $C$ की आय $= 125 + 125 \times \frac{20}{100} =$ ₹ 150

∴ अभीष्ट प्रतिशत = 150 − 100 = 50%

**56.** माना दो वर्ष पहले सम्पत्ति की कीमत ₹ $P$ थी, तो प्रश्नानुसार,

$$8100 = P\left(1 - \frac{10}{100}\right)^2$$

$$\Rightarrow \quad P \times \left(\frac{90}{100}\right)^2 = 8100$$

$$\Rightarrow \quad P = \frac{8100 \times 100 \times 100}{90 \times 90}$$

∴ $P =$ ₹ 10000

**57.** विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य × $\frac{100 + \text{लाभ}\%}{100}$

$= 200 \times \frac{100 + 35}{100} =$ ₹ 270

∵ विक्रय मूल्य = अंकित मूल्य × $\frac{100 - \text{बट्टा}\%}{100}$

⇒ 270 = अंकित मूल्य × $\frac{100 - 25}{100}$

⇒ अंकित मूल्य $= \frac{270 \times 100}{75} =$ ₹ 360

**58.** समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ विकर्णों का गुणनफल $= \frac{1}{2} \times 18 \times 20 = 180$ वर्ग मी

दोनों पृष्ठों पर पेन्ट कराने का खर्च

$= 2\ (180 \times 3) =$ ₹ 1080

**59.** माना सन्तरे का औसत दाम $= x$ प्रति सन्तरा

प्रश्नानुसार, $30x + 75 \times 2 = 510$

$\Rightarrow \quad 30x = 510 - 150 = 360$

$\Rightarrow \quad x =$ ₹ 12 प्रति सन्तरा

**60.** क्रय मूल्य $=$ विक्रय मूल्य $\times \frac{100}{100 + \text{लाभ}\%}$

$= 1200 \times \frac{100}{100 + 20} =$ ₹ 1000

अब, विक्रय मूल्य = ₹ 900

तब, घाटा = 1000 − 900 = ₹ 100

**61.** $\frac{\sqrt[3]{8}}{\sqrt{16}} \div \sqrt{\frac{100}{49}} \times \sqrt[3]{125}$

$= \frac{2}{4} \div \frac{10}{7} \times 5 = \frac{2}{4} \times \frac{7}{10} \times 5$

$\therefore \quad = \frac{7}{4} = 1\frac{3}{4}$

**62.** एक साइकिल का क्रय मूल्य $= \frac{8880}{12} =$ ₹ 740

विक्रय मूल्य = ₹ 888

$\therefore$ लाभ = विक्रय मूल्य − क्रय मूल्य

= 888 − 740 = ₹ 148

अतः लाभ प्रतिशत $= \frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$

$= \frac{148}{740} \times 100 = 20\%$

**63.** $\frac{3.7 \times 3.7 \times 3.7 + 1.3 \times 1.3 \times 1.3}{(3.7 \times 3.7 - 4.81 + 1.3 \times 1.3)}$

$= \frac{(3.7)^3 + (1.3)^3}{(3.7)^2 - 4.81 + (1.3)^2}$

$[\because a^3 + b^3 = (a+b)(a^2 - ab + b^2)]$

$= \frac{(3.7 + 1.3)\,[(3.7^2) - 4.81 + (1.3^2)]}{(3.7)^2 - 4.81 + (1.3)^2}$

$= 3.7 + 1.3 = 5$

**64.** तीनों की पूँजियों का अनुपात

$= 60000 \times 12 : 100000 \times 9 : 120000 \times 6$

$= 4 : 5 : 4$

अतः दोनों के लाभों में अन्तर

$= \left(\frac{5 - 4}{13}\right) \times 78000 =$ ₹ 6000

**65.** माना घर से स्कूल की दूरी $= D$ किमी

प्रश्नानुसार, $\frac{D}{3} + \frac{D}{2} = 5 \quad \left[\because \text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}\right]$

$2D + 3D = 5 \times 6$

$5D = 30$

$D = 6$ किमी

**66.** माना अंकित मूल्य ₹ $x$ है।

प्रश्नानुसार, $x$ का 80% का 90% = 108

$x \times \frac{80}{100} \times \frac{90}{100} = 108$

$\therefore \quad x = \frac{108 \times 100 \times 100}{80 \times 90} =$ ₹ 150

**67.** $(49)^{15} - 1$

$= [(7)^2]^{15} - 1$

$= (7)^{30} - (1)^{30}$, $7 + 1 = 8$ से पूर्णतः विभाजित होगा

[$\because x^n - a^n$, $x + a$ से $n$ के सम मानों के लिए सदैव पूर्णतः विभाजित होता है ]

**68.** 36 सन्तरों का विक्रय मूल्य = 30 सन्तरों का क्रय मूल्य + 4 सन्तरों का विक्रय मूल्य

$\Rightarrow$ 32 सन्तरों का विक्रय मूल्य

= 36 सन्तरों का क्रय मूल्य

$\therefore$ अभीष्ट हानि प्रतिशत $= \frac{36 - 32}{32} \times 100$

$= \frac{100}{8} = 12\frac{1}{2}\%$

**69.** दूसरी संख्या $= \frac{\text{ल.स.} \times \text{म.स.}}{\text{पहली संख्या}}$

$= \frac{225 \times 5}{25} = 45$

**70.** पहली व चौथी संख्या का योग

$= \frac{1 + 4}{1 + 2 + 3 + 4} \times 16$

$= \frac{16 \times 5}{10} = 8$

**71.** माना संख्या $x$ है।

$\therefore \quad 3x = \frac{3x}{5} + 60$

$\Rightarrow \quad 3x - \frac{3x}{5} = 60$

$\Rightarrow \quad 12x = 300$

$\therefore \quad x = 25$

**72.** माना $A$ तथा $B$ की वर्तमान आयु क्रमशः $5x$ तथा $7x$ वर्ष है।

तब प्रश्नानुसार, $5x + 7x = 48$

$\Rightarrow \quad 12x = 48 \Rightarrow x = 4$

$\therefore$ $A$ तथा $B$ की आयु का अन्तर $= 7x - 5x = 2x$

$= 2 \times 4 = 8$ वर्ष

**73.** माना पहली संख्या $= x$

तो, 5 से विभाज्य होने वाली दोनों संख्याएँ $(x + 5)$ एवं $(x + 10)$ होंगी।

प्रश्नानुसार,

$x + (x + 5) + (x + 10) = 60$

$\Rightarrow \quad 3x + 15 = 60$

$\Rightarrow \quad x = 15$

$\Rightarrow$ बड़ी संख्या = 15 + 10 = 25

**74.** $A$ का 1 दिन का काम $= \frac{1}{15}$

$\left[\because \text{दिन का काम} = \frac{\text{पूरा काम}}{\text{काम समाप्त करने वाले दिनों की संख्या}}\right]$

$B$ का 1 दिन का काम $= \frac{1}{10}$

$A$ व $B$ का 1 दिन का काम $= \frac{1}{15} + \frac{1}{10}$

$= \frac{2 + 3}{30} = \frac{5}{30} = \frac{1}{6}$

$\therefore$ दोनों मिलकर 6 दिन में काम को पूरा कर लेंगे।

**75.** माना वर्ग की भुजा $= a$

$\therefore$ वर्ग का क्षेत्रफल $= a^2$

नये वर्ग की भुजा $= 4a$

$\therefore$ नये वर्ग का क्षेत्रफल $= (4a)^2 = 16a^2$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{16a^2}{a^2} = \frac{16}{1} = 16:1$

**82.** 'उसके पास जो पुस्तक है यह हमारी है।' वाक्य में 'यह हमारी है' वाक्यांश अशुद्ध है। इस वाक्यांश में 'यह' के स्थान पर 'वह' सर्वनाम शब्द का प्रयोग होगा।

**83.** 'तुम चार बजे तक मेरी प्रतीक्षा देखना।' वाक्य में 'मेरी प्रतीक्षा देखना' वाक्यांश अशुद्ध है। इस वाक्यांश में 'देखना' शब्द के स्थान पर 'करना' क्रिया शब्द का प्रयोग होगा।

**96.** 'एक आँख से सबको देखना' मुहावरे का अर्थ 'सबसे समान व्यवहार करना' है।

**वाक्य प्रयोग** कक्षा में अमीर और गरीब दोनों तरह के विद्यार्थी होते हैं, इसलिए अध्यापक को बिना किसी भेदभाव के 'सबको एक आँख से देखना' चाहिए।

**97.** 'रोटी के बदले रोटी, का छोटी का मोटी' लोकोक्ति का अर्थ 'सभी लगभग एक से होना' है।

**वाक्य प्रयोग** वर्तमान समय में भारतीय राजनीति में नेताओं की स्थिति 'रोटी के बदले रोटी, का छोटी का मोटी' जैसी है। सभी का चरित्र लगभग एक-सा ही है।

**98.** 'प्रसून' का पर्यायवाची शब्द पुष्प है। इसके अतिरिक्त सुमन, गुल, लतान्त आदि अन्य पर्यायवाची शब्द हैं।

**99.** 'करटक' का पर्यायवाची शब्द कौआ है। इसके अतिरिक्त काक, वायस, पिशुन, करठ आदि अन्य पर्यायवाची शब्द हैं।

**100.** 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द 'दिनकर' है। इसके अतिरिक्त भास्कर, रवि, दिवाकर, नारायण आदि अन्य पर्यायवाची शब्द हैं।